प्रीलिम्स फैक्ट्स : 7 जनवरी, 2019

चक्रवात 'पाबुक'

हाल ही में चक्रवात 'पाबुक' ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह पर दस्तक दी।

- इस चक्रवात की उत्पत्ति थाईलैंड की खाड़ी में हुई है।
- यह तूफान अंडमान सागर और उसके आसपास मंडराता रहा है।
- केंद्र सरकार ने चक्रवाती तूफ़ान की चपेट में आए अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के लिये 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है।
- 'ऑरेंज' अलर्ट मौसम संबंधी एक चेतावनी होती है, जो चक्रवात जैसी स्थितियों से उत्पन्न होने वाले खतरों के स्तर को इंगित करता है।
- 'ऑरेंज' अलर्ट खराब या अत्यंत खराब मौसम के बारे में लोगों को सावधान रहने की चेतावनी है।
- इस अलर्ट के तहत सड़क और हवाई यात्रा बाधित हो सकती है साथ ही जीवन और संपत्ति को भी खतरा हो सकता है।

चक्रवात का विज्ञान समझें...

- हिंद महासागर में चक्रवाती तूफ़ान
- 'फैथई' तूफ़ान
- तितली, फैलिन और हुदहुद

चीन का लूनर रोवर युतु-2

हाल ही में चीन ने चंद्रमा के अनदेखे हिस्से के बारे में जानकारी जुटाने के लिये चांग ई-4 यान का प्रक्षेपण किया।

- चीन के सिचुआन प्रांत में स्थित शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से लॉन्ग मार्च-3 रॉकेट के ज़रिये यह प्रक्षेपण किया गया था।
- चांग ई-4 का उद्देश्य चंद्रमा के उस हिस्से के रहस्यों का खुलासा करना है, जहाँ अभी तक कोई यान नहीं गया है।

- ध्यातव्य है कि चंद्र अभियान 'चांग ई-4' का नाम चीनी पौराणिक कथाओं की चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया है।
- चीनी मीडिया के मुताबिक, चंद्रमा की सतह पर उतरने वाले खोजी रोवर का नाम युतु-2 होगा।
- युतु-2 रोवर, चंद्र अभियान 'चांग ई-4' का ही एक हिस्सा है।

चीन के इस अभियान के बारे में और पढ़ें

- चाँद के 'डार्क साइड' पर पहली बार लैंडिंग करेगा चीन का रोवर

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-07-01-2019